inext
दैनिक जागरण, Jamshedpur, 24 June 2024

24/6/24

# साई महोत्सव सह स्थापना दिवस

## मना नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष मदनमोहन सिंह का जन्मदिन

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



कार्यक्रम में शामिल लोग.

**JAMSHEDPUR (23 June) :** नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष मदनमोहन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय पोखारी के प्रांगण में साई महोत्सव सह स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नेताजी ग्रुप ऑफ स्कूल, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और नेताजी के अन्य संस्थानों के विभिन्न संकाय सदस्य, पदाधिकारी और अन्य कर्मचारी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय स्थित साई मंदिर में भव्य आरती सह मंगल हवन के साथ हुई. ये साई महोत्सव पिछले 15 वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है और आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा.

कुलाधिपति मदन मोहन के अनुसार, दरअसल, साई महोत्सव सिर्फ एक महोत्सव नहीं, बल्कि ये एक ऐसा दिन है, जब हमारा पूरा नेताजी सुभाष परिवार एक साथ एक जगह मिलते हैं और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस दिन को मनाता है. साई बाबा इस संस्थान के सर्वोपरी अध्यक्ष हैं और उनके ही सानिध्य में हम अनवरत बढ़ते चले जा रहे हैं. नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की नींव हमने रखी और सफलतापूर्वक इसको शुरू भी कर दिया. बच्चों के लिए मार्गदर्शन क्लासेज को शुरुआत की गई.

### प्रतिबद्धता सराहनीय है

कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि मदनमोहन सिंह का व्यक्तित्व हमारे लिए बहुत बड़ा है. आज हम जिस उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ रहे हैं यह इनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है. यह ना सिर्फ हमारे अभिभावक हैं बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरणा स्त्रोत हैं. वरिष्ठ डॉक्टर नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि काम को लेकर इनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी, संक्राय सदस्य, परिजन, मित्रजनों